हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार 11 मई 2024

12 764 पोलिंग पार्टियों के लिए रेंडमाइजेशन के जरिए ड्यूटी तय



12 व्याख्यान में छात्र-छात्राओं को दी जानकारी



## खबर संक्षेप

### अवैध बीयर सहित आरोपित गिरफ्तार

**महेंद्रगढ़।** शहर थाना पुलिस ने रिवासा फ्लाईओवर के समीप एक व्यक्ति को 18 बोतल अवैध बीयर सहित गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान गांव बसई निवासी आशीष के रूप में हुई है। बीती रात पुलिस की टीम गश्त के दौरान राव तुलाराम चौक पर मौजूद थी। पुलिस की टीम को सूचना मिलीकि रिवासा फ्लाईओवर के समीप एक व्यक्ति अवैध रूप से बीयर बेच रहा है। अगर तुरंत रैड की जाए तो आरोपित को गिरफ्तार किया जा सकता है। पुलिस की टीम ने तुरंत रैडिंग पार्टी तैयार बताई गई जगह पर पहुंची। टीम को बताई गई जगह पर एक युवक दिखाई दिया। तलाशी लेने पर युवक से कब्जे से 18 बीयर की बोतल बरामद हुई।

### 13 बोतल अवैध शराब सहित आरोपित गिरफ्तार

**महेंद्रगढ़।** शहर थाना पुलिस ने शीला अस्पताल के समीप से एक व्यक्ति को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया हैं। आरोपित की पहचान शहर के मोहल्ला महायचान निवासी नवीन के रूप में हुई है। पुलिस ने टीम बीती रात के गश्त के दौरान राव तुलाराम चौक पर मौजूद थी। टीम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति शीला अस्पताल के समीप अवैध शराब बेच रहा है अगर तुरंत रैड की जाएं तो आरोपित को गिरफ्तार किया जा सकता हैं। पुलिस ने टीम तुरंत बताई हुए जगह पर पहुंची तो एक व्यक्ति कट्टे अवैध शराब रखकर बेच रहा था। तलाशी लेने पर युवक से 13 बोतल देशी शराब बरामद हुई। पुछताछ युवक ने अपना नाम शहर के मोहल्ला महायचान निवासी नवीन बताया।

### कनीना कोर्ट में आज लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**कनीना।** एजडीजेएम न्यायालय में 11 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस अदालत में दीवानी, रिकवरी, चालान, मोटर व्हीकल एक्ट, परिवार वाद सहित विभिन्न प्रकार के परिवाद रखे जाएंगे। जिनका आपसी सहमति से निपटारा किया जाएगा। लोक अदालत में केसों की सुनवाई के लिए बैंच का गठन किया गया है। जिसके अध्यक्ष जेएमआईसी प्रवीन कुमार व सदस्य अधिवक्ता ओपी यादव रामबास को शामिल किया गया है। लोक अदालत में दोनों पक्ष हाजिर होकर आपसी सहमति से अपने परिवादों का निपटारा करवा सकते हैं।

### घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर की बैटरी चोरी

**मंडी अटेली।** गांव अटाली से एक किसान के ट्रैक्टर से अज्ञात चोरों ने बैटरी की चोरी कर ली। पीड़ित किसान सतीश कुमार ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। गत 4 मई को रात के समय ट्रैक्टर घर के बाहर खड़ा था। उसी रात अज्ञात व्यक्ति ने ट्रैक्टर की बैटरी चोरी कर ली। अटेली पुलिस ने पीड़ित किसान की शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। अटेली क्षेत्र में कुछ दिनों से चोरी की घटनाओं में वृद्धि हुई है। अज्ञात चोर आए दिन गांव तथा अगल-बगल में छोटी-बड़ी घटना को अंजाम दे रहे हैं।

### पति पर लगाया शराब पीकर मारपीट का आरोप

**महेंद्रगढ़।** शहर की आदर्श कॉलोनी निवासी एक महिला ने अपने पति पर शराब पीकर मारपीट करने तथा जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपित पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित महिला ने बताया कि एक मई को परिवार के सभी सदस्य रात के समय शादी समारोह में गए हुए थे। इसी दौरान उसके पति विशेष ने रात को शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने धमकी दी। इससे पहले भी उसका पति कई बार उसके साथ मारपीट कर चुका हैं।

# राहत भरी बारिश की बौछार, कुछ जगह ओलावृष्टि, 3-4 दिन मौसम रहेगा परिवर्तनशील

## जिले में कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि के साथ हल्की बारिश, सायं पांच बजे दिन में छाया अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सप्ताह भर से जारी प्रचण्ड उमसभरी पसीने वाली गर्मी से शुक्रवार शाम राहत मिली है। नांगल चौधरी क्षेत्र के कई गांवों में तो ओलावृष्टि होने की सूचना मिली है। इनमें मेघोत हाला, नांगल चौधरी, दताल, दोस्तपुर, भोजावास समेत कई गांव शामिल है। मौसम में हुए इस बदलाव से अब तीन-चार दिन मौसम ओर परिवर्तनशील दिखाई देगा। जिले में सुबह से आमतौर पर मौसम साफ बना रहा, लेकिन दोपहर बाद अचानक मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिला। सम्पूर्ण इलाके पर बादलों ने डेरा जमा लिया और जिले के पश्चिमी दक्षिणी हिस्सों में हल्की बारिश, बूंदाबांदी साथ एक दो स्थानों नांगल चौधरी व ढोसी के आसपास दौचाना, कोरियावास, बदोपुर व राजस्थान से लगते हिस्सों में ओलावृष्टि हुई। इससे पहले निजामपुर, नांगल चौधरी शाम होते होते सतनाली, नारनौल, अटेली आदि जगहों पर गरज चमक के साथ हल्की बारिश, बूंदाबांदी व 25-30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज गति से हवाएं चली। बता दें कि पिछले दिनों दिन व रात का पारा क्रमशः 44.0 डिग्री सेल्सियस व 28.0 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया था। शुक्रवार को भी हरियाणा एनसीआर दिल्ली विशेषकर हरियाणा के पश्चिमी दक्षिणी जिलों में दिन का तापमान 43.0 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया और रात्रि तापमान 28.0 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। मौसम विशेषज्ञ डा. चंद्रमोहन ने बताया कि शुक्रवार को हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर रात्रि तापमान 24.0 डिग्री सेल्सियस से 29.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया, जबकि दिन का तापमान 40.0 डिग्री सेल्सियस से 43.5 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। वहीं जिले में नारनौल का रात्रि तापमान 26.0 डिग्री सेल्सियस व महेंद्रगढ़ का रात्रि तापमान 25.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि जिले में दिन का तापमान में 43.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



नारनौल। सायं पांच बजे शहर में बूंदाबांदी के दौरान छाया अंधेरा। फोटो : हरिभूमि

### बारिश के साथ हुई हल्की ओलावृष्टि, गर्मी से मिली राहत

*नांगल चौधरी। नांगल चौधरी के अधिकतर गांवों में दोपहर बाद बारिश के साथ हुई हल्की ओलावृष्टि हुई है। जिससे आमजन को गर्मी से राहत मिली है। वहीं बाजार में चहल-पहल देखी गई है। आपको बता दें कि बीते 10 दिनों से तापमान तेजी से बढ़ रहा था। सुबह 10 बजे से बाज बाजार में सुनसान तथा सड़कें खाली रहने लगी लगी। भीषण गर्मी में लोगों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया था। दोपहर बाद अचानक आसमान में बादल छाए और करीब डेढ़ बजे बारिश आरंभ हो गई। मेघोत हाला, नांगल चौधरी, दताल, दोस्तपुर, भोजावास समेत कई गांवों में हल्की ओलावृष्टि होने की सूचना मिली है। जिससे मौसम के मिजाज में ठंडक आई। कृषि विभाग के बीएओ डा. हरीश यादव के मुताबिक अच्छी बारिश होने पर किसानों को कपास, ज्वार की बिजाई करने में मदद मिलेगी।*

### तीन से चार दिन मौसम रहेगा परिवर्तनशील

वर्तमान में एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से सम्पूर्ण इलाके में मौसम में बड़े बदलाव देखने को मिल रहा है। जिसकी वजह से आने वाले तीन-चार दिनों तक लगातार मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। इस दौरान बादलवाही, साथ ही तेज गति से हवाएं, धूल भरी आंधी चलने और हल्की बारिश तथा बूंदाबांदी के अलावा सीमित स्थानों ओलावृष्टि की संभावना है। इसलिए भारतीय मौसम विभाग ने सम्पूर्ण इलाके पर इस दौरान प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों के लिए ऑरेंज व उत्तरी हिस्सों के लिए येलो अलर्ट जारी कर दिया है।

## सभी स्कूल आधुनिक तरीके से होंगे विकसित

# तृतीय चरण की पीएमश्री योजना के तहत जिले के पांच स्कूलों को किया शामिल

केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही इस योजना के तहत पुराने स्कूलों को अपग्रेड कर नई सदी के अनुसार उनमें पढ़ाई के संसाधन उपलब्ध होंगे

राजकुमार ▶▶| नारनौल

प्रधानमंत्री स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) स्कूल बनाने के लिए तीसरे चरण में जिले के पांच और स्कूलों का चयन किया गया है। इससे पहले भी जिले के पांच स्कूलों का चयन किया गया था, जिन्हें अब पीएम श्री विद्यालयों में तब्दील किया जा चुका है। केंद्र सरकार के विशेषज्ञों द्वारा यूडाइस से इन स्कूलों का नाम उठाया जाता है। इस योजना का उद्देश्य देश के पुराने स्कूलों का अपग्रेडेशन करना है, ताकि इन स्कूलों को नया स्वरूप देकर बच्चों को स्मार्ट शिक्षा से जोड़ा जा सके। इनमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सभी घटकों की झलक दिखाई देगी व यह अनुकरणीय स्कूलों की तरह काम करेंगे। इन स्कूलों का उद्देश्य सिर्फ गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, अध्ययन व संज्ञानात्मक विकास नहीं होगा, बल्कि 21वीं सदी के कौशल की जरूरतों के अनुरूप समय व पूर्ण विकसित नागरिकों का निर्माण करना भी है। इन स्कूलों में नवीनत्तम तकनीक, स्मार्ट शिक्षा व आधुनिक ढांचा होगा। प्री-प्राइमरी से लेकर 12वीं तक सीबीएसई से पढ़ाई करवाई जाएगी। इन स्कूलों में आर्ट्स के अलावा कॉमर्स, साइंस व मेडिकल की स्ट्रीम भी होंगी। अत्याधुनिक लैब स्थापित होंगी, ताकि विद्यार्थी प्रेक्टिकल ज्ञान भी प्राप्त कर सकें। वहीं प्री-प्राइमरी एवं प्राइमरी कक्षा में नई शिक्षा नीति के तहत खेल-खेल में पढ़ाई करवाई जाएगी। शिक्षा विभाग के मुताबिक केंद्र द्वारा तीसरे चरण में शामिल होने वाले विद्यालयों के नाम यूडाइस (यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन) के तहत किए गए हैं। ऐसे विद्यालयों में पक्का भवन, पेयजल सुविधा, छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-वर्ष 2020 के अनुरूप इन विद्यालयों को पीएमश्री स्कूलों के रूप में उच्चीकृत किया जाएगा। वहीं स्कूल भवन पर करीब एक करोड़ रुपये खर्च कर निजी स्कूलों की तर्ज पर सुविधाएं दी जाएंगी। इसके लिए विद्यालय शिक्षा निदेशालय द्वारा पत्र जारी किया है, जिसके अनुसार अब विभाग द्वारा चयनित स्कूलों में शिक्षा विभाग के अधिकारी जांच करेंगे। इनमें केंद्र सरकार द्वारा तय मानकों की जांच की जाएगी।



नारनौल। शिक्षा विभाग कार्यालय। फोटो :हरिभूमि

### मानकों के आधार पर पीएमश्री का दर्जा मिलता

योजना में शामिल होने के लिए पोर्टल पर एक परीक्षा से गुजरना पड़ता है। पोर्टल पर सवाल आते हैं, हर सवाल के अंक होते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के स्कूल को 60 व शहरी क्षेत्र के स्कूल को 70 प्रतिशत अंक लेने जरूरी होते हैं। परीक्षा करीब 160 अंक की होती है। ग्रामीण एरिया के स्कूल को 96 व शहरी स्कूल को 112 अंक लेने होते हैं। मानकों पर खरे उतरने वाले स्कूल इसी सत्र से पीएम श्री स्कूलों को दर्जा दिया जाएगा।

### यह स्कूल किए गए हैं चयनित

जिला महेंद्रगढ़ के चयनित किए गए पीएमश्री स्कूलों में अटेली खंड की राजकीय उच्च विद्यालय सिहमा, महेंद्रगढ़ खंड की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खुडाना, राजकीय उच्च विद्यालय श्यामपुरा तथा राजकीय उच्च विद्यालय बारड़ा के अलावा एक स्कूल नांगल चौधरी खंड से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नायन शामिल है। जिले से इन्हीं पांच स्कूलों का तृतीय चरण की पीएमश्री योजना में चयन किया गया है, जिन्हें इस योजना के अनुरूप विकसित किया जाएगा। इन स्कूलों के मुखियाओं व ब्लॉक रिसोर्स पसर्न (बीआरसी) को सूचित कर दिया गया है। बीआरसी को 13 मई तक पीएमश्री पोर्टल पर अपने-अपने स्कूलों में उपलब्ध सुविधाएं का विवरण दर्ज कराना होगा।

### पहले चरणों में आया सात स्कूलों का नंबर

पीएम श्री के पहले चरण में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारनौल, चंपा देवी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल अटेली, रावमावि नांगल दर्गू तथा राकवमावि नांगल चौधरी स्कूल शामिल थे, वहीं दूसरे चरण में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय निवाजनगर एवं खेड़ी-तलवाना के सीनियर सेकेंडरी शामिल रहे।

### यह कहते हैं शिक्षा अधिकारी



चयनित विद्यालय मुखियाओं को पत्र जारी कर सूचित कर दिया है। उन्हें 13 मई शाम तक पोर्टल के माध्यम से स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देनी होगी। तत्पश्चात मैनुअल फिजिबलिटी चेक की जाएगी और स्कूलों का चयन तय मानकों के आधार पर किया जाएगा। इन स्कूलों को निजी स्कूलों की तर्ज पर तैयार किया जाएगा। ताकि यह नई सदी के हिसाब से तैयार हो सकें। **सुभाष सामरिया,** डीपीसी, नारनौल।





नारनौल। नारेबाजी करती मिड-डे-मील कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## मिड-डे-मील वर्कर्स को दो माह से नहीं मिला मानदेय

**नारनौल।** मिड-डे-मील कार्यकर्ता यूनियन हरियाणा संबंधित एआईयूटीयूसी के बैनर तले शुक्रवार को मिड-डे-मील कार्यकर्ता यूनियन की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला प्रधान सुनीता जांगड़ा की अध्यक्षता में हुई। जिसे यूनियन की जिला सचिव संतोष यादव, ब्लॉक प्रधान माया देवी, अटेली ब्लॉक प्रधान प्रेमलता, राजेश, मुनेश व एआईयूटीयूसी जिला प्रधान मास्टर सुबेसिंह ने संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मिड-डे-मील कर्मियों को पिछले दो महीने का बकाया मानदेय जारी करने, ड्रेस की राशि जारी करने, मिड-डे-मील कर्मियों की रिटायरमेंट उम्र 65 वर्ष करने, आंगनबाड़ी कर्मियों व ग्रामीण चौकीदारों के रिटायरमेंट की तर्ज पर मिड-डे-मील कर्मियों को भी एकमुश्त लाभ प्रदान करने, सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये लागू करने, 15 बच्चों पर एक मिड-डे-मील कार्यकर्ता को लगाने, स्कूलों में मिड-डे-मील कर्मियों को खाना बनाने के अलावा अन्य काम नहीं लिए जाने आदि मांगों को लेकर ब्लॉक स्तर से लेकर जिला स्तर व राज्य स्तर पर आंदोलन की रूपरेखा बनाई जाएगी।

## सेना के जवान ने किया होटल में नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म

**महेंद्रगढ़।** शहर निवासी एक नाबालिक छात्रा के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। नाबालिक छात्रा के पिता ने सिटी पुलिस थाने में शिकायत देकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने दो नामजद सहित अन्य के खिलाफ धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के पिता ने सिटी पुलिस थाना में दी शिकायत में बताया कि उसकी नाबालिक पुत्री शहर के एक स्कूल में कक्षा नौवीं की छात्रा है। नौ मई को सुबह जब स्कूल गई तो उसके बैग में कुछ ज्यादा वजन दिखाई दिया। उसके जाने के बाद हमने जब घर पर जांच-परख की तो पाया कि उसके कुछ घर के कपड़े गायब थे। इस असामान्य घटना से हमें संदेह हुआ तो वह अपने भाई-बंधुओं के साथ बेटी के स्कूल पहुंचा। वहां जाकर पता लगा कि बेटी आज सुबह से ही स्कूल ही नहीं आई है। उसने अन्य लोगों के साथ मिलकर शहर के प्रत्येक स्थान पर उसकी तलाश की, परंतु वह नहीं मिली। दोपहर दो बजे उनके घर से लगभग 300-400 मीटर दूर उसका भतीजा बैठा था। उसने देखा कि एक गाड़ी से बेटी नीचे उतरी और एक लड़का भी उसके साथ उतरा। यह देखकर भतीजा गाड़ी के पास पहुंचा तो गाड़ी वाले ने विंडो बंद करके गाड़ी अंदर से लॉक कर ली और गेट नहीं खोला और वहां से गाड़ी भगाकर ले गया। जो लड़का बेटी के साथ गाड़ी से उतरा था, उससे भतीजे व हमने पूछताछ शुरू की तो वह दौड़ पड़ा। भतीजे ने उसे पकड़कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम यक्ष सैनी मोहल्ला सैनीपुरा बताया।

## परिचित बन शिक्षिका से की ऑनलाइन ठगी

हरिभूमि न्यूज नारनौल

शहर में एक महिला के साथ परिचित बनकर ऑनलाइन ठगी करने का मामला सामने आया है। जब महिला शिक्षिका को ऑनलाइन ठगी होने का पता चला, तब उसने शहर थाना पुलिस में शिकायत दी। जिस पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 के तहत मामला दर्ज जांच शुरू कर दी। पीड़ित महिला शिक्षिका केशन नगर निवासी हिमानी पूनिया ने शहर थाना पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि 11 मार्च को उसके पास फोन आया और कॉलर ने कहा कि वह उसके पापा के दोस्त है तथा रुपये मांगे। पीड़िता ने बताया कि आरोपित उसके पास फर्जी तरीके से 30 हजार रुपये उसके बैंक खाता में भेजने का एसएमएस भेज दिया। इसके बाद आरोपित ने 15 हजार रुपये एक बैंक खाते में भेजने का कहा। इसके बाद आरोपित ने उससे अलग-अलग बैंक खातों में रुपये डलवा लिए। इसके बाद पीड़िता को पता चला की यह सभी रुपये उसके बैंक खाते से कट रहे है। जिस पर पीड़िता को अपने साथ ठगी होने का पता चला। जिस पर पीड़ित महिला शिक्षिका से शहर थाना में शिकायत देकर मामला दर्ज करवाया है। जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



## सभी प्रत्याशी चुनाव आचार संहिता का करें पालन : दीपक

- एडीसी ने की राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में सभी राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल व प्रत्याशी आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन करें।

उन्होंने कहा कि पारदर्शी एवं निष्पक्ष चुनाव करना हम सब की जिम्मेदारी है। हम सभी को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का पालन करना है। एडीसी ने स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन चुनाव आयोग के निर्देश अनुसार निष्पक्ष तरीके से चुनावी कायार्ं को अंजाम दे रहा है। उन्होंने राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों से कहा कि आप कभी भी आकर स्ट्रांग रूम को चेक कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की चुनाव से संबंधित परमिशन लेने के लिए लघु सचिवालय के प्रथम तल पर कमरा नंबर 113 में आवेदन कर सकते हैं, यहां पर सिंगल विंडो सिस्टम बनाया गया है।



नारनौल। राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों के साथ बैठक करते एडीसी दीपक बाबूलाल करवा। फोटो : हरिभूमि

## टक्कर मारने के बाद बाइक सवार से की मारपीट

**नारनौल।** हुडा सेक्टर में चमत्कारी बालाजी मंदिर के पास एक व्यक्ति ने कार से बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इसके बाद कार में सवार व्यक्ति व युवकों ने बाइक सवार युवक से मारपीट की तथा आरोपितों ने हथियार दिखाते हुए युवक को जान से मारने की धमकी दी। जिसकी शिकायत पीड़ित युवक ने शहर थाना पुलिस में दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपितों के खिलाफ शहर थाना में आईपीसी की धारा 506, 34, 336, 323 व 279 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित पराब यादव पुत्र रामसिंह यादव वासी हुडा सेक्टर ने बताया कि वह अपने दोस्त गौरव के साथ बाइक पर सवार होकर नसीबपुर साइबर कैफे पर जा रहे थे। जब वह हुडा सेक्टर स्थित चमत्कारी बालाजी मंदिर के पास पहुंचे तो पीछे से एक कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक से गिर गए। इसके बाद जब उसने डायल 112 पर कॉल की और कार की फोटो ली तो उस व्यक्ति ने हाथापाई शुरू कर दी फिर कार से दो लड़के उतरकर आए और उसके साथ मारपीट करने लगे। कुछ देर बाद कार से दो युवक उतरकर उसके पास आए, इस दौरान उसका दोस्त उससे कुछ दूरी पर खड़ा था। कार से उतरकर आए दोनों युवक उसके साथ छिना-झपड़ी करने लगे और उसकी बाइक की चाबी छीन ली और कार में जाकर बैठ गए। इसके बाद एक लड़के ने हथियार दिखाते हुए कहा कि अगर किसी तो बताया कि जान से मार देंगे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

छात्रवृत्ति

### स्कीमों के तहत मिलने वाला डाटा पोर्टल पर होगा अपडेट

# पहली से आठवीं के विद्यार्थियों को मिलेगी छात्रवृति

- शिक्षा विभाग ने सभी डीईईओ को पोर्टल पर डाटा अपडेट करवाने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


मेधावी विद्यार्थियों को मिलने वाली छात्रवृत्ति या प्रोत्साहन राशि कई बार डाटा पोर्टल पर अपडेट नहीं होने की वजह से नहीं मिल पाती थी। इस कमी पर शिक्षा अधिकारी हो या फिर स्कूल व कक्षा इंचार्ज, कमी का ठिकरा विद्यार्थियों पर ही डाल देते थे। मजबूरन ऐसे विद्यार्थियों के अभिभावकों को सीएम विंडो तक का सहारा लेना पड़ता है। शायद अब ऐसा नहीं होगा। इसके पीछे कारण है कि शिक्षा विभाग ने हरियाणा के सभी डीईईओ को पोर्टल पर डाटा अपडेट करवाने के निर्देश दिए है। साथ ही स्पष्ट कहा कि डाटा अपडेट नहीं होने की वजह से कोई विद्यार्थी इस स्कीम से वंचित रह जाता है तो डीईईओ कार्यालय, खण्ड शिक्षा अधिकारी, विद्यालय का मुखिया एवं कक्षा इंचार्ज पूर्ण रूप से जिम्मेवार होंगे। अक्सर देखने में आता है कि कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति/प्रोत्साहन स्कीमों के तहत निदेशालय स्तर पर पीएफएमएस पोर्टल पर डाटा अपलोड करते समय विद्यार्थियों का डाटा पूर्ण न भरे जाने के कारण विद्यार्थी छात्रवृत्ति/प्रोत्साहन राशि का लाभ प्राप्त करने से वंचित रह जाते है। जिस कारण कई बार विद्यार्थियों को सीएम विंडो पर अर्जी लगानी पड़ती है। इस मामले में मौलिक शिक्षा महानिदेशक ने संज्ञान लिया है। उन्होंने आदेश दिए है कि छात्रवृत्ति/प्रोत्साहन स्कीमों के अंतर्गत कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों का दिए जाने वालाट डाटा पूर्ण/ठीक कर पोर्टल पर भरवाना सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को कहा है कि वह खण्ड शिक्षा अधिकारियों एवं स्कूल मुखियाओं को आदेश देवें कि छात्रवृत्ति/प्रोत्साहन स्कीमों के तहत विद्यार्थियों का डाटा, जिसमें परिवार पहचान पत्र का आईडी नंबर, विद्यार्थी का बैंक खाता संख्या, बैंक आईएफएससी कोड, बैंक के नाम सहित वन स्कूल एप पोर्टल पर पूर्ण रूप से भरना सुनिश्चित करना होगा। कारण, विद्यार्थियों का पूर्ण डाटा विद्यालय के स्तर पर ही वन स्कूल एप पोर्टल पर भरा जाता है, जिसके आधार पर निदेशालय स्तर पर डाटा डाउनलोड करके पात्र विद्यार्थियों के बैंक खातों में पीएफएमएस/डीबीटी के माध्यम से राशि वितरित की जाती है।



- नारनौल। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी 'तोष चौहान।




पोलर बियर 100 में से औसतन सिर्फ 2 बार ही अपने शिकार को पकड़ पाते हैं।



बोटो गुलाबी रंग के डॉलफिन की दुर्लभ प्रजाति है जो अमेज़न नदी में पायी जाती है।

# क्या है बॉम्बे आर्ट कोर्स, कैसे बनाएं करियर



नालेज

यंगभूमि डेस्क

कला संस्कृति हमारे भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न अंग है, जो सदियों से चला आ रहा है। वर्तमान समय में भी बड़े पैमाने पर कला संस्कृति को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। भारत के कोने कोने में बड़े पैमाने पर विभिन्न प्रकार के शिक्षण संस्थान है जो कला से संबंधित पाठ्यक्रम का ज्ञान देते हैं तथा विभिन्न प्रकार की डिग्री प्रदान करते हैं जिसके आधार पर विद्यार्थी कला से संबंधित कार्य करते हैं और लोगों को जागरूक करते हैं अथवा कला से संबंधित अध्यापक बनते हैं। अगर आप का भी सपना कला विषय से संबंधित अध्यापक बनना है तो आप भी मुंबई आर्ट्स का कोर्स कर सकते हैं।

## युवाओं की पहली पसंद

आज के समय में कला संस्कृति का रंग रूप थोड़ा बदल चुका है, जिससे सदियों से चली आ रही कला संस्कृति के साथ-साथ वर्तमान कला संस्कृति और अत्याधुनिक तकनीकी वाली कला संस्कृति के मिश्रण की वजह से आज के समय में हमें कला के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के नए-नए रंग रूप देखने को मिलते हैं। यही वजह है कि आज के समय में अधिकांश युवा कला के क्षेत्र में अपना करियर जोड़ना चाहते हैं। अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प ढूंढ रहे हैं। कला के क्षेत्र में आगे बढ़ कर आप तरह-तरह के कला से संबंधित कलात्मक कार्य कर सकते हैं अथवा आर्ट्स के संबंध में अध्यापक बन सकते हैं। ऐसा अब तक लाखों युवा कर चुके हैं और लाखों युवा कर भी रहे हैं। अगर आपके अंदर कोई भी हुनर है तो आप उस आधार पर कला के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। उससे संबंधित कोर्स करके डिग्री हासिल कर सकते हैं और अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प चुन सकते हैं। बता दें कि आज के समय में विभिन्न प्रकार के विषय कला क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं ऐसी स्थिति में आपके अंदर हर किसी छोटे बड़े हुनर या कलात्मक कार्य का अनुभव आपको बेहतरीन बना सकता है। कटनी में भारत में बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाले कला पर आधारित आयोजन एवं दर्शनी मुखिया रूप से दिखाई देते हैं। इसके अलावा कला से संबंधित विभिन्न प्रकार के पद भी आज के समय में हमें देखने को मिलते हैं तो आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

## क्या है कोर्स

बॉम्बे आर्ट एक सर्टिफिकेट कोर्स है जो कला के क्षेत्र में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को कराया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद विद्यार्थी कला के क्षेत्र में शिक्षक बन सकता है इसके लिए उन्हें बीएड डिग्री की भी आवश्यकता नहीं होती है। बिना बीएड डिग्री के भी मुंबई आर्ट कोर्स करने के बाद किसी भी शिक्षण संस्थान और स्कूल में पढ़ा सकता है और इसके लिए कोई दूसरी डिग्री की भी आवश्यकता नहीं होती है। इस बात से आप मुंबई आर्ट कोर्स की महत्वता समझ सकते हैं। बॉम्बे आर्ट एक शिक्षण संस्थान है जो बॉम्बे आर्ट सर्टिफिकेट डिप्लोमा की डिग्री प्रदान करवाता है। महाराष्ट्र सरकार ने सबसे पहले भारत में मुंबई में इसकी शुरुआत की थी इस शिक्षण संस्थान का उद्देश्य विलुप्त हो रहे कला संस्कृति को फिर से उजागर करना और नए रूप में लोगों के समक्ष प्रस्तुत करना है। वर्तमान समय में बॉम्बे आर्ट पब्लिक ऑग्रेनाइजेश है जो पूरे भारत में फैला हुआ है तथा कोई भी संस्थान इसकी फ्रेचाइज ले सकता है। इस शिक्षण संस्थान का मुख्य उद्देश्य कलात्मक शिक्षा का प्रचार करना है। इससे बिजनेस भी किया जाता है और तरह-तरह के पद भी उत्पन्न होते हैं। आज के समय में जहां हमें प्रत्येक सरकारी नौकरी के लिए बहुत बड़े कंपीटिशन से गुजरना होता है।

## कोर्स के लिए जरूरी योग्यता

किसी भी कोर्स को करने के लिए या उस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उससे संबंधित योग्यता का होना अति आवश्यक है। इसीलिए अगर आप बॉम्बे आर्ट के तहत आर्ट क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं, तो आपके पास इससे संबंधित कुछ योग्यताएं अथवा पत्रता होनी चाहिए जिसके आधार पर आप इस क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। यह इस बात को भी प्रमाणित कर देगा कि इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आपके पास क्या है और क्या आप वास्तव में इस क्षेत्र में कुछ कर पाएंगे या नहीं। बॉम्बे आर्ट के लिए निर्धारित की गई योग्यताएं निम्नलिखित है।

- इस कोर्स को करने के लिए कम से कम 12 वीं पास होना आवश्यक है।
- विद्यार्थी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा पास करके इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकता है।
- बारहवीं कक्षा आर्ट्स सब्जेक्ट से पास की हुई है तो बेहतर रहेगा।
- इस कोर्स को करने के लिए विद्यार्थी के मन में कला विषय से संबंधित रुचि होनी चाहिए।
- किसी भी प्रकार का कला से संबंधित हुनर के आधार पर इस कोर्स को कर सकते हैं।
- कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने वालों को बॉम्बे आर्ट कोर्स अवश्य करना चाहिए।

**कैसे करें कोर्स :** कला के क्षेत्र से संबंध रखने वाला बॉम्बे आर्ट कोर्स वर्तमान समय में काफी लोकप्रिय हो रहा है। इस कोर्स को करने के लिए आपके पास कुछ योग्यता और पात्रता होने चाहिए इसके अलावा कुछ जरूरी दस्तावेजों के आधार पर आप आसानी से कला के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। बॉम्बे आर्ट कोर्स करने के लिए आपको सबसे महत्वपूर्ण इस बात पर ध्यान देना होगा कि आपके अंदर कौन सा हुनर हैं। आप कला के क्षेत्र से संबंधित कौन सा कार्य करना जानते हैं या आपका किस कार्य में मन लगता है। उस आधार पर ही आपको इस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। अगर आप पहले से ही बॉम्बे आर्ट कोर्स करना चाहते हैं तो सबसे पहले कला वर्ग से 12वीं कक्षा 50% अंकों के साथ पास करें किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा कला वर्ग से पास करने के बाद आप महाराष्ट्र में मुंबई स्थित बॉम्बे आर्ट शिक्षण संस्थान अथवा इसकी फ्रेंचाइज के तहत बॉम्बे आर्ट कोर्स कर सकते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि संपूर्ण भारत में सबसे पहले महाराष्ट्र सरकार ने ही शिक्षण संस्थान की शुरुआत की लेकिन हाल फिलहाल में उत्तर प्रदेश सरकार ने भी इसी तरह के एक शिक्षण संस्थान की शुरुआत की है जो इसी तरह आर्ट्स की डिग्री उपलब्ध कराती है, जिससे बिना बीएड की डिग्री के विद्यार्थी कला विषय से संबंधित अध्यापक बन सकते हैं।

---

अच्छी सैलरी के साथ-साथ पशु प्रेम दिखाने का मौका मिलता

# पशु-पक्षियों की सेवा की भावना रखते हैं तो पशु चिकित्सक में बनाएं करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

पशु चिकित्सक (वेटरनरी डॉक्टर) पशु पक्षियों का उपचार करता है जिस तरह से मनुष्यों का इलाज करने के लिए भारत और दुनिया भर में तरह-तरह के डॉक्टर पाए जाते हैं, ठीक उसी प्रकार पशु पक्षियों का इलाज करने के लिए भी डॉक्टर होते हैं उन्हें पशु चिकित्सक या पशु डॉक्टर कहते हैं। विज्ञान में पशु चिकित्सक की एक श्रेणी है, जिसके अंतर्गत पशु और पक्षियों का इलाज करवाया जाता है। आज का समय पूरी तरह से बदल चुका है आज से 500 वर्ष आज के समय की तरह अविष्कार उपचार इत्यादि कुछ भी नहीं थे, लेकिन आज मनुष्य का हर तरह से इलाज किया जाता है। आज के समय में गंभीर से गंभीर बीमारी का इलाज कर दिया जाता है। विभिन्न प्रकार के तरीकों से हर संभव प्रयास करके मनुष्य को बचाया जाता है। इसी तकनीकी और एजाज के विस्तार के आधार पर विज्ञान आधारित पशु चिकित्सक प्रणाली भी बनाई गई है, जिसके तहत पशु एवं पक्षियों का इलाज भी करवाया जाता है।



## सदियों से पशुओं की सेवा की जाती

हमारे भारत में जहां सदियों सदियों से पशु पक्षियों की सेवा की जाती आ रही है। लेकिन विदेशों में आज के समय में लोग पशु पक्षियों के प्रति प्रेम दिखाते हैं कुछ पशु पक्षियों का पालन करते हैं। इसी आधार पर संपूर्ण दुनिया में पशु चिकित्सक प्रणाली का विस्तार हुआ है। वर्तमान समय में दुनिया भर में पशु चिकित्सक बने हुए हैं। पशुओं के अस्पताल बने हुए हैं। इसीलिए वहां पर पशुओं के उपचार के लिए शिक्षा प्रदान की जाती है। वर्तमान समय में लगभग प्रत्येक पशु पक्षी का उपचार करना संभव है। आज के समय में शिक्षा पद्धति और विकास के नए पशु पक्षियों का इलाज किया जा रहा है, तो आजकल पूरी जानकारी के साथ विस्तार से बताएंगे कि पशु चिकित्सक कैसे बनें?

## बड़े स्तर पर मिलते जॉब के ऑप्शन



## क्या होता है पशु चिकित्सा

*जिस तरह से मनुष्य का इलाज करने हेतु विज्ञान में चिकित्सा की एक पद्धति है। ठीक उसी प्रकार विज्ञान के अंतर्गत पशु एवं पक्षियों का इलाज और उसका उपचार करने के लिए चिकित्सा की एक विशेष शाखा मौजूद है जिसे पशु चिकित्सा कहते हैं। मनुष्यों की तरह पशु पक्षियों में भी समय-समय पर तरह-तरह की बीमारियां उत्पन्न होती है। उन्हें भी तरह के रोग होते हैं। इसके अलावा चोट लगना घाव लगना शरीर के अंग का कटना तथा विभिन्न प्रकार की शारीरिक समस्याओं से पशु पक्षियों को बचाने के लिए विज्ञान की शिक्षा पद्धति के आधार पर इनका उपचार करने हेतु पशु चिकित्सा होती है। पशु एवं पक्षियों का विभिन्न प्रकार का इलाज करने के लिए शिक्षा पद्धति को ग्रहण करना होता है। उसके बाद ही कोई भी व्यक्ति पशु चिकित्सक बनकर पशुओं का इलाज कर सकता है। आज के समय में लोग पशु और पक्षियों को काफी महत्वता दे रहे हैं इसीलिए बड़े पैमाने पर लोग पशु चिकित्सक बनना चाहते हैं। आज के समय में पशु चिकित्सक बनकर लोग एक बेहतरीन करियर विकल्प देखते हैं क्योंकि सरकार की तरफ से संपूर्ण भारत में जगह जगह पर पशु चिकित्सालय आरंभ किए गए हैं। इसके अलावा पशु चिकित्सक आने पर भी सरकार द्वारा जोड़ दिया जा रहा है। पशु चिकित्सक को अच्छी सैलरी मिलती है। इसीलिए आज के समय में अधिकांश चिकित्सक बनना चाहते हैं।*

## जरूरी योग्यता

- *विद्यार्थी को कम से कम दसवीं कक्षा पास करनी होगी।*
- *दसवीं कक्षा पास करने के बाद पशु चिकित्सा के क्षेत्र में डिप्लोमा की डिग्री हासिल करनी होगी।*
- *12वीं कक्षा पास करने के बाद पशु चिकित्सक बनाने के लिए कम से कम 50% अंक हासिल करने होंगे।*
- *बारहवीं कक्षा जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं भौतिक विज्ञान के तहत पास करनी होगी।*
- *पशु चिकित्सक बनने के लिए एआईपीवीटी या नीट यूजी एंट्रेंस एग्जाम को पास करना होगा।*





## पशु चिकित्सक शिक्षण संस्थान में आवेदन

- आप जिस यूनिवर्सिटी से पशु चिकित्सक का कोर्स करना चाहते हैं, उसे यूनिवर्सिटी की आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट करें।
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर अपना अकाउंट बनाएं।
- अब यूजर नेम और पासवर्ड की मदद से लॉगिन करें।
- अब यूनिवर्सिटी की ऑफिसल वेबसाइट पर उस कोर्स का चयन करें, जैसे आप करना चाहते हैं।
- अब होम पेज पर आपको संबंधित सभी शैक्षणिक योग्यता दिखा दी जाएगी।
- अब आपके सामने आवेदन फार्म खुल जाएगा।
- आवेदन फार्म को सही तरह से भरें तथा संबंधित दस्तावेजों को अपलोड करें।
- अब प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें।
- रजिस्ट्रेशन करने के बाद आपका प्रवेश परीक्षा के लिए नामांकन स्वीकार हो जाएगा।
- अब प्रवेश परीक्षा पास करके शिक्षण संस्थान में पशु चिकित्सा का कोर्स कर सकते हैं।

## 10वीं के बाद पशु चिकित्सक कैसे बनें

पशु चिकित्सक बनाने के लिए दसवीं कक्षा पास करने के बाद पशु चिकित्सा में डिप्लोमा पाठ्यक्रम का चयन करके पशु चिकित्सक बन सकते हैं। दसवीं कक्षा पास करने के बाद वेटरनरी डॉक्टर बनने के लिए निर्धारित किए गए सभी कोर्स को भारत के विभिन्न शिक्षण संस्थान से कर सकते हैं। जैसे- भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान बरेली। पशु चिकित्सा महाविद्यालय तमिलनाडु। वेंकटेश्वर पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय तिरुपति। पशु चिकित्सा महाविद्यालय बेंगलुरु इत्यादि देश के विभिन्न पशु चिकित्सालय संस्थान से डिप्लोमा कर सकते हैं। इन सभी पाठ्यक्रम के अंतर्गत पशु चिकित्सा में डिप्लोमा की डिग्री प्राप्त करने के बाद ऑल इंडिया प्री वेटरनरी टेस्ट देकर पशु चिकित्सा में बैचलर डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। इसमें डिप्लोमा इन वेटरनरी फार्मेसी, डिप्लोमा इन एनिमल हसबेंडरी एंड डेयरिंग, डिप्लोमा इन वेटरनरी अस्सिटेंट, डिप्लोमा इन वेटरनरी लैब टेक्नीशियन जैसे पाठक्रम निर्धारित किए गए हैं।

## 12 वीं के बाद पशु चिकित्सक कैसे बनें

12वीं कक्षा पास करने के बाद अगर आप पशु चिकित्सक बनना चाहते हैं, तो आपको केमिस्ट्री, बायोलॉजी और फिजिक्स जैसे प्रमुख विषयों के अंतर्गत पास करनी होगी। महत्वपूर्ण विषयों से 12वीं कक्षा पास करने के बाद देश के विभिन्न बड़े और प्रमुख शिक्षण संस्थान में आवेदन लेकर पशु चिकित्सा के अंतर्गत बैचलर की डिग्री हासिल कर सकते हैं। पशु चिकित्सक बनने के लिए 12वीं कक्षा के पास करने के बाद निर्धारित किए गए पाठ्यक्रम निम्नलिखित हैं। बेचलर ऑफ वेटरनरी साइंस, बेचलर ऑफ वेटरनरी मेडिसन, बेचलर ऑफ बायो वेटरनरी साइंस, बेचलर ऑफ वेटरनरी साइंस इन एनिमल हेल्थ, बेचलर ऑफ वेटरनरी साइंस इन बायो वेटरनरी(ऑनर्स), बेचलर ऑफ प्री वेटरनरी मेडिकल साइंस ।

## पशु चिकित्सक संस्थान

- भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, बरेली
- राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, कर्नल
- पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान कॉलेज, बीकानेर
- सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
- मुंबई विश्वविद्यालय, मुंबई
- अन्नामलाई विश्वविद्यालय, चिदंबरम
- चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय
- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, बनारस
- गोविंद बल्लभपंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंत नगर
- जूनागढ़ कृषि विश्वविद्यालय, जूनागढ़ी

---

# निष्पक्ष तरीके उम्मीदवार चयनित करने में संख्यात्मक प्रणाली मददगार



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

संख्यात्मक आधार पर नौकरी के चयन में अक्सर अंकों या ग्रेडिंग का प्रयोग किया जाता है। यह अंक या ग्रेड उम्मीदवारों के प्रदर्शन को मापने और मूल्यांकन करने के लिए होते हैं। इस प्रकार की प्रक्रिया में, हर उम्मीदवार को एक निश्चित संख्या या ग्रेड अनुमति दी जाती है, जो उनके क्षमताओं, योग्यताओं, और अनुभव को आधार मानकर निर्धारित किया जाता है। इसमें विभिन्न प्रकार के परीक्षण, साक्षात्कार, और कौशल मापन के माध्यम से उम्मीदवारों का मूल्यांकन किया जाता है। अंक या ग्रेड का उपयोग उम्मीदवारों की प्रतिभा को सार्वजनिक रूप से मापने के लिए किया जाता है। यह संख्यात्मक प्रणाली कंपनियों को विश्वसनीय और निष्पक्ष तरीके उम्मीदवारों को चयनित करने में मदद करती है।

## न्याय को बनाए रखने में मदद करती

इस प्रकार, अंक या ग्रेडिंग के माध्यम से संख्यात्मक आधार पर नौकरी का चयन एक स्वाभाविक और संवेदनशील प्रक्रिया होती है, जो न केवल उम्मीदवारों को न्याय से मूल्यांकन करती है, बल्कि समाज में समानता और न्याय को भी बनाए रखने में मदद करती है। प्रतिस्पर्धा युवा पीढ़ी की संपूर्ण व्यक्तित्व पर सीधे प्रभाव डालती है, चाहे वह सकारात्मक हो या नकारात्मक। इसका सकारात्मक प्रभाव है कि यह उन्हें अपने लक्ष्यों की ओर प्रेरित करती है और उन्हें अपनी क्षमताओं को स्थायीकृत करने के लिए प्रोत्साहित करती है। प्रतिस्पर्धा की भावना युवाओं में अभिनय की भावना को बढ़ाती है, जो उन्हें सफलता की दिशा में अग्रसर बनाती है। यह उन्हें सामाजिक और व्यक्तिगत स्तर पर अधिक सक्रिय बनाती है और सामूहिक योजनाओं में भागीदारी को बढ़ावा देती है। हालांकि, प्रतिस्पर्धा का नकारात्मक प्रभाव भी हो सकता है। यह युवाओं को अतिरिक्त तनाव और दबाव में डाल सकता है, जो उनकी मानसिक स्वस्थता को प्रभावित कर सकता है। समान क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा के दबाव ने कई युवाओं को आत्म-विश्वास की कमी, चिंता और चिंता का सामना करना पड़ा है। इसके अलावा, प्रतिस्पर्धा के दौरान युवाओं के बीच सामाजिक दूरी और असन्तोष की भावना भी बढ़ सकती है। इसलिए, प्रतिस्पर्धा को सकारात्मक रूप से देखने का महत्व है, लेकिन समानता और सहयोग की भावना को भी महत्व देना चाहिए। युवाओं को समझाया जाना चाहिए कि प्रतिस्पर्धा केवल एक अधिकार है, न कि उनकी आत्म-मूल्य का मापदंड। साथ ही, उन्हें स्वास्थ्यपूर्ण प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, जिसमें सहयोग, समानता, और सम्मान का वातावरण हो। संख्यात्मक आधार पर नौकरी के चयन में अंकों या ग्रेडिंग का प्रयोग किया जाना एक प्रमुख प्रक्रिया है जो उम्मीदवारों के प्रदर्शन को मापती है। यह अंक या ग्रेड उम्मीदवारों के कौशल, योग्यता, और अनुभव को मूल्यांकित करने में मदद करते हैं।

**प्रतिस्पर्धा की बढ़ती भावना:** संख्यात्मक आधार पर नौकरी का चयन करने में अंकों या ग्रेडिंग का प्रयोग, उम्मीदवारों के बीच प्रतिस्पर्धा को बढ़ा सकता है। यह उन्हें अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने और सफलता प्राप्त करने के लिए और अधिक प्रेरित कर सकता है।

**आत्म-मूल्यांकन की भावना:** अंकों या ग्रेडिंग के प्राप्ति से उम्मीदवार अपनी क्षमताओं और क्षमताओं का मूल्यांकन करते हैं। यह उन्हें अपने स्वयं के लिए स्वावलंबी और सक्षम महसूस करने में मदद कर सकता है।

## मानसिक स्वास्थ्य को करती प्रभावित

संख्यात्मक आधार पर नौकरी का चयन करते समय, उम्मीदवारों को अपने कौशलों और योग्यताओं के दावों को समर्थनित करने में दबाव महसूस हो सकता है। यह उन्हें अधिक अतिरिक्त काम करने के लिए प्रेरित कर सकता है। कम अंकों की स्थिति में स्वाभाविक आत्म-संदेह स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जो युवाओं को डिप्रेशन की ओर ले जाती है। यह सामाजिक प्रतिस्पर्धा की भावना, स्वाभिमान का नुकसान, और अधिकतर मामूली असफलताओं के लिए अपने आप को दोषी मानने की भावना से जुड़ा हो सकता है। यह अवस्था युवाओं की मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है और उन्हें डिप्रेशन, तनाव, और अन्य मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इस समस्या को हल करने में मेंटर्स और अभिभावकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। मेंटर्स या गुरुओं का उद्दीपन, उनके मार्गदर्शन, और समर्थन से युवा अपनी आत्म-संदेह को पराजित कर सकते हैं। मेंटर्स उन्हें संभावितताओं को देखने और समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। वे उन्हें सामान्यतः से बड़े दृष्टिकोण से समस्याओं को देखने और समाधान करने की कला सिखा सकते हैं। अभिभावकों का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है, क्योंकि वे अपने बच्चों को आत्म-संदेह की स्थिति से बाहर आने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। वे अपने बच्चों को समर्थन प्रदान करते हैं, उन्हें समस्याओं का सामना करने के लिए उत्तेजित करते हैं, और उन्हें उनके क्षमताओं और पोटेंशियल के प्रति आत्म-विश्वास दिलाते हैं। साथ ही, मेंटल हेल्थ के लिए सामाजिक समर्थन का महत्व भी होता है। इसलिए, युवाओं को उनके परिवार, मित्र, और समुदाय के साथ संवाद करने और उनसे सहारा लेने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। सम्भवतः उपर्युक्त उपायों के माध्यम से, युवाओं को आत्म-संदेह की स्थिति से निकालने में मेंटर्स और अभिभावकों का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी
(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** $_{88}Ra^{226}$ (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है
(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी
(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** $_{19}K^{4}$* में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -
(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है
(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या **Z** है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या **M** है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी
(ए) **M+Z** (बी) **M-Z**
(सी) **M x Z** (डी) **M/Z**

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है
(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -
(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?
(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

## खबर संक्षेप



### लोकेश बने आजाद चौक युवा संगठन के प्रधान

**नारनौल।** शहर की अग्रणी संस्था आजाद चौक युवा संगठन की बैठक आजाद चौक परिसर में संस्था के संरक्षक विजय जिंदल की अध्यक्षता में हुई। सर्वप्रथम बैठक में पिछले साल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया व नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से लोकेश शर्मा को चौथी बार प्रधान मनोनीत किया गया। इसके अलावा मोहित जिंदल को उपप्रधान, भगत सिंह सैनी को महासचिव, मुकेश जैन को कोषाध्यक्ष, अशोक सैनी को प्रचार सचिव व हर्ष सैनी को सहसचिव बनाया गया। राजकुमार चौधरी व कमल कोकचा सदस्य चुने गए।

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ की मीटिंग कल

**नारनौल।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ की मीटिंग 12 मई को सुबह 10 बजे यादव धर्मशाला नारनौल में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए संघ की नारनौल इकाई के प्रधान डा. ओमप्रकाश दायमा ने बताया कि नए सदस्यों के रजिस्ट्रेशन के लिए अभियान व रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों के लिए, मुख्य रूप से कम्यूटेशन की रिकवरी जो 15 वषार्ें में की जा रही है, उसको 12 वषार्ें में कराने के लिए माननीय उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने पर विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुछ याचिकाकर्त्ताओं को हाई कोर्ट से स्टे ऑर्डर भी मिल हैं। इसलिए सभी रिटायर्ड कर्मचारी 12 मई की मीटिंग में जरूर भाग लेंगे तथा इन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपना निर्णय एवं सहयोग जरूर दें।

### कार की टक्कर से बाइक चालक घायल

**रेवाड़ी।** आउटर बाइपास रोड पर कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गया। दिल्ली के आया नगर निवासी रुद्रसेन बाइक से रेवाड़ी आ रहा था। गढ़ी बोलनी रोड पर आउटर बाईपास चौक पर बोलेनो कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में वह घायल हो गया। नजदीक खड़ी पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद चालक की तलाश शुरू कर दी।

# प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट मनाएगा सतरंगी सप्ताह, चलेगा मतदाता जागरूकता अभियान

■ 12 मई से 18 मई तक कार्यक्रम आयोजित होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट 'सतरंगी सप्ताह' का आयोजन करेगा। इस विषय में जानकारी देते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि 12 मई से 18 मई तक आयोजित होने वाले इस अभियान में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए 'सतरंगी सप्ताह' के नाम से एक विशेष अभियान लांच किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए नोडल अधिकारी डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज रहेंगे। इसका संयोजन भीमसेन शर्मा एवं नरोतम सोनी करेंगे। विस्तृत जानकारी देते हुए ट्रस्ट अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि वर्तमान चुनाव में मतदान के प्रति लोगों के उत्साह में कमी आई है। यह उदासीनता लोकतंत्र के लिए नुकसानदेह है। लोगों में उत्साह भरने और शतप्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट सतरंगी सप्ताह का आयोजन करने जा रहा है।

### इस प्रकार रहेगी सतरंगी सप्ताह की रुपरेखा

'सतरंगी सप्ताह' के विषय में अधिक जानकारी देते हुए अध्यक्ष संजय शर्मा एवं सचिव डॉ. मनोज आफरिया ने बताया कि सात दिनों तक अलग थीम के नाम से अलग अलग कार्यक्रम लेकर इस अभियान को चलाया जाएगा। हर दिन को एक अलग रंग की थीम का नाम दिया गया है। प्रथम दिन 12 मई को येलो थीम के अंतर्गत वृद्ध नागरिक संगठन के साथ मिलकर वृद्ध नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में उन्हें चुनाव आयोग से प्राप्त होने वाली सुविधाओं मसलन घर से मतदान, व्हील चेयर सुविधा, कम्पेनियन की सुविधा आदि के विषय में बताया जाएगा। 13 मई को ब्लू थीम के अंतर्गत सवार्ेदय स्कूल के विद्यार्थियों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिसमें नए मतदाताओं को वोट डालने की रिहर्सल करवाई जाएगी। उन्हें लोकतंत्र में वोट का महत्व, नए वोट बनाने के तरीके से परिचित कराया जाएगा। 14 मई को रेड थीम में सैनी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बच्चों के माध्यम से उनके अभिभावकों को मतदान के लिए निमंत्रण पत्र वितरित किए जाएंगे और नए मतदाताओं में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता करवाकर विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। 15 मई को ग्रीन थीम के अंतर्गत सरस्वती बाल मंदिर स्कूल में अभिभावकों को बच्चों के माध्यम से निमंत्रण पत्र भिजवाते हुए मतदान की अपील की जाएगी और मतदान में सहयोग की शपथ दिलाई जाएगी। साथ ही बच्चों से मतदान के महत्त्व पर पेंटिंग कराई जाएगी। 16 मई को ओरेंज थीम के अंतर्गत स्प्रिंग फील्ड स्कूल के विद्यार्थी घर घर जाकर मतदाताओं को पीले चावल बांटेंगे और उन्हें मतदान में भाग लेने की अपील करेंगे। 17 मई को स्वेत थीम के अंतर्गत आदर्श मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों के माध्यम से अभिभावकों को निमंत्रण व पीले चावल भिजवाते हुए मतदान की अपील की जाएगी और शपथ दिलाई जाएगी। 18 मई को पर्पल थीम के अंतर्गत मतदाता मतदान केंद्र से दूर क्यों विषय पर संगोष्ठी की जाएगी। सतरंगी सप्ताह के दौरान विभिन स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम जैसे हस्ताक्षर अभियान, शपथ अभियान, मतदाताओं को संदेश भेजने जैसे अभियान लगातार चलाएं

### ट्रस्ट की महिला सदस्य मोबाइल पर सन्देश भेजकर करेंगी अपील

सदस्य दिनेश शर्मा व राकेश शर्मा ने बताया कि ट्रस्ट की महिला सदस्य मीना शर्मा, रवीना सोनी, मोनिका, अनुपमा, सोनू भारद्वाज मुक्ता शर्मा आदि के माध्यम से दस हजार मतदाताओं को मोबाइल पर सन्देश भेजकर मतदान करने की अपील की जाएगी।

## सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय भावना से किया हवन

# महेंद्रगढ़ ब्राह्मण सभा में धूमधाम से मनाई भगवान परशुराम जयंती



नांगल चौधरी। निजामपुर रोड पर छबील लगाकर ठंडा शरबत पिलाता विप्र समाज।

### मुख्य यजमान भारत बोहरा व उनकी पत्नी ने आहुति डाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

ब्राह्मण सभा में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में हवन यज्ञ किया गया। सभा के प्रधान दिनेश चंद्र वैद्य और सचिव मनोज गौतम ने बताया कि सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय भावना की भावना से आज हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। राहुल शास्त्री के द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ किए गए। इस हवन यज्ञ में मुख्य यजमान भारत बोहरा व उनकी पत्नी रहे। हवन के उपरांत सचिव मनोज गौतम ने ब्राह्मण सभा महेंद्रगढ़ द्वारा बड़े स्तर पर आयोजित किए जाने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव के बारे में ब्राह्मण सभा की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि आगामी कार्यक्रम सभी की सहमति से बड़े स्तर पर किया जाएगा।



महेंद्रगढ़। यज्ञ में आहुति डालते विप्रबंधु। फोटो: हरिभूमि

प्रधान दिनेश चंद्र वैद्य ने इस हवन यज्ञ में आहुति डालने के लिए पहुंचे विप्र समाज के सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर संजय जोशी, प्रोफेसर विनोद शर्मा, परमानंद, सुरेश शर्मा, विश्वनाथ मिश्रा, सज्जन शर्मा, आनंद शर्मा, आनंद स्वरूप तिवारी, दीनदयाल, नरेश शर्मा, प्रमोद शास्त्री, सतीश शर्मा, सागर दत्त शर्मा, विजय भारद्वाज, सुभाष तिवाडी, बुद्धि प्रकाश वशिष्ठ, जयप्रकाश गौतम, राजेश दिल्लीवान, पूर्व प्रधान राजेश दीवान, प्रदीप कौशिक, नगर पालिका के चैयरमेन रमेश सैनी, व्यापार मंडल के प्रधान सुरेंद्र बंटी, सुकेश दीवान, सतीश लाटा, नरेश शर्मा, सुशील शर्मा, सूर्य प्रकाश कौशिक, वीरेंद्र, गजानंद, प्रमोद भारद्वाज, सतवीर शास्त्री, कृष्ण शर्मा, ताराचंद शर्मा, मातादीन शर्मा, पंकज जोशी मौजूद रहे।

### भगवान के जीवन से अन्याय व अत्याचार के खिलाफ लड़ने की मिलती है प्रेरणा



**सतनाली मंडी।** भगवान परशुराम जयंती अवसर पर कस्बा स्थित भगवान परशुराम पार्क में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान परशुराम वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर सोसायटी प्रधान शिवकुमार शास्त्री ने कहा कि भगवान परशुराम भगवान विष्णु के अवतार हैं। उन्होंने हमेशा जन-जन को प्रकृति सेवा के साथ-साथ जीवन में न्याय व धर्म के मार्ग पर अग्रसर रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हमें भगवान परशुराम के जीवन से हमें अन्याय व अत्याचार के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर उपस्थित कमेटी पदाधकारी व सदस्यों ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर राजेंद्र शर्मा, रतनलाल मिश्रा, जयप्रकाश मिश्रा, श्रवण शास्त्री, श्यामप्रकाश मिश्रा, दिनेश शर्मा, आदित्य कौशिक आदि मौजूद थे।

### भगवान परशुराम की जीवनी से समाज के लिए बड़ी प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर श्रीगौड़ धर्मशाला में प्रधान राधेश्याम शर्मा की अगुवाई में हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके बाद छबील लगाकर राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाया गया। इस दौरान युवाओं को परशुराम की जीवनी से अवगत करवाया गया। उन्होंने कहा कि धर्म और नैतिक सिद्यांत ही समाजिक विकास का आधार होते हैं। नैतिकता से भटकने वाले लोग आमजन की विचारधारा नहीं बन सकते। धर्मिक आचरण से समाज को परोपकार करने की प्रेरणा मिलती है, साथ अन्याय के खिलाफ संघर्ष करने की ताकत मिलेगी, लेकिन पश्चिमी देशों की संस्कृति का प्रभाव बढ़ने से युवा पीढ़ी महापुरुषों की जीवन कथा भूलने लगी है तथा संगीन अपराधों में संलिप्त होकर अराजकता फैला रहे हैं। जिससे संबंधित परिवार और समाज का आस्तित्व खतरे में पड़ गया है। भगवान परशुराम ने अन्याय को कभी भी सहन नहीं किया तथा जरूरत पड़ने पर युद्ध को स्वीकारा था। उनकी जीवनी से युवाओं को मातृ-पितृ भक्त बनने और न्यायवादी बनने का संदेश मिलता है। इसके बाद लोगों को प्रसाद वितरण किया और सामाजिक कुरीतियों को मिटाने में योगदान देने की शपथ दिलाई। इस मौके पर सुनील वत्स, सुभाष शर्मा, डा. ललित मोहन जोशी, मुकेश वाइस चेयरमैन, प्रमोद वत्स, कुमुद शास्त्री, बृजेश शास्त्री, सोमदत, संदीप, सुशील भारद्वाज व अन्य मौजूद रहे।

### गौड़ ब्राह्मण सभा से निकाली प्रभात फेरी

**नारनौल।** अक्षय तृतीया के पावन पर्व व भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर नगर की संस्था गौड़ ब्राह्मण सभा ने राधा कृष्ण प्रभात फेरी संगठन के सहयोग से प्रातः भव्य प्रभात फेरी का आयोजन गौड़ सभा प्रांगण से किया। इस भव्य प्रभात फेरी में भगवान परशुराम के रथ के साथ गौड़ ब्राह्मण सभा के प्रधान राकेश मेहता ने सभी कार्यकारिणी सदस्यों व कॉलेजियम सदस्यों के साथ अगुवाई की तथा राधे नाम का गुणगान किया।

इस दौरान ढोल नगाड़ों की थाप पर नाचते गाते बजाते प्रभात काल की बेला में प्रभात फेरी गौड़ ब्राह्मण सभा मोहल्ला चौधरियान से चलकर मोहल्ला देवस्थान से पुस्तक गली होते हुए बजाजा बाजार से निकलकर सूर्य नारायण मंदिर के पास से शांडिल्य मंदिर होते हुए आजाद चौक से परिक्रमा करके गौड़ ब्राह्मण सभा में सम्पन्न हुई। परिक्रमा मार्ग में लोगों ने फूलों की वर्षा की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम व ठाकुर जी की आरती की।



नारनौल। शहर में प्रभात फेरी निकालते हुए लोग। फोटो: हरिभूमि

### अधर्म पर धर्म की जीत का नाम भगवानः हेमंत शर्मा

**नारनौल।** अक्षय तृतीया पर शुक्रवार को सिहमा के शिव परशुराम मंदिर परिसर में भगवान परशुराम जयंती पर भगवान शिव का जलाभिषेक कर श्रीहरी विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की व देसी घी का अखंड दीपक जलाकर लड्डू बांटे। इस अवसर पर एडवोकेट हेमंत शर्मा ने बताया कि अक्षय तृतीया के दिन ही चार धाम यात्रा शुरू होती है। अक्षय तृतीया शब्द का मतलब जिसका कभी नाश न हो। इस दिन किया हुआ तप, ज्ञान और दान का अक्षय फल देने वाला होता है। इसे अक्षय तृतीया कहते है। भगवान परशुराम सप्त चिरंजीवियों में है। उन्होंने उस समय के अधर्मी, अत्याचारी और दुष्टों आचरण वाले अधर्मियों का संघार कर धर्म की स्थापना की थी। वैशाख मास भगवान विष्णु को अतिप्रिय है। इस तिथि से त्रेता युग का आरंभ होता है। एडवोकेट हेमंत शर्मा ने कहा कि अधर्म पर धर्म की जीत का नाम परशुराम है। इस मौके पर एडवोकेट दीपक भारद्वाज, साहिल भारद्वाज, हितांश शर्मा, पीयूष शर्मा, लक्ष्मीनारायण जोशी, अरुण शर्मा आदि मौजूद थे।



नारनौल। शिव परशुराम मंदिर में जयंती पर पूजा अर्चना करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## देवयानी स्कूल के 3 विद्यार्थियों ने एनडीए में पाई सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

देवयानी इंटरनेशनल स्कूल बेवल के तीन बच्चों ने एनडीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का नाम रोशन किया है। नेशनल डिफेंस एकेडमी की लिखित परीक्षा स्कूल के छात्र साहिल कुमार, विनीत यादव और कीर्ति चौधरी ने उत्तीर्ण की हैं। स्कूल प्राचार्य बलवान सिंह ने बताया कि इन बच्चों ने 12वीं कक्षा में सीबीएसई परीक्षा के साथ ही एनडीए की तैयारी की। इन बच्चों ने आर्मी में ऑफिसर बनने का सपना संजोकर कड़ी मेहनत के साथ पूरी लग्न से तैयारी की। जिसका परिणाम पाकर ये सभी बच्चे, अभिभावक और गुरुजन सभी खुश हैं। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत और जुनून के साथ यदि कोई तैयारी की जाती है तो कठिन लगने वाली परीक्षा को पास किया जा सकता हैं। इसमें ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं हैं। यदि उन्हें उचित मार्गदर्शन दिया जाए तो सभी प्रतिभावान बच्चे अपनी मंजिल तक पहुंच सकते हैं। बच्चों को रटने की प्रवृत्ति छोड़ कर कांसेप्ट पर ध्यान देना चाहिए। किसी भी परीक्षा का पैटर्न अलग हो सकता है, लेकिन प्रश्न का कांसेप्ट समान होता है। बच्चे को कांसेप्ट आ जाने के बाद उनके लिए कोई भी परीक्षा मुश्किल नहीं हैं। इस अवसर पर परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। स्कूल के चेयरमैन सुनील कुमार ने बच्चों को प्रेरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



महेंद्रगढ़। एनडीए की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले देवयानी स्कूल के विद्यार्थी।

## बीआर ज्ञानदीप में मातृ दिवस पर किया कविता पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गांव सुरजनवास स्थित बीआर ज्ञानदीप सुरजनवास में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में हिन्दी पाठन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। विद्यालय के प्राचार्य रामवीर यादव ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से आठवीं के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता विद्यालय की प्राइमरी हैड सीमा शर्मा के निर्देशन में करवाई गई। ज्यूरी मेंबर के रूप में विचित्र प्रकाश, ओम प्रकाश, भतेरी और मंजू ने भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के लिए बच्चों को चार समूहों में बांटा गया। जिसमें प्रथम समूह में कक्षा तीसरी की छात्रा ममता व छात्र हर्ष संयुक्त रूप से प्रथम, पांचवी कक्षा की छात्रा हिमानी व महक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के विजेताओं को इनाम देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि विद्यालय संस्थापक रामसिंह यादव ने सभी बच्चों को मातृ दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी और प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए सभी प्रतिभागियों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय के चेयरमैन आरआर यादव ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चों में उत्साह का संचार होता है और उन्हें सीखने के नए अवसर मिलते हैं।



महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते स्टॉफ सदस्य।

### श्रीमद्भागवत कथा को लेकर श्री गो गोपाल प्रचार की बैठक आयोजित

**नारनौल।** श्री गो गोपाल प्रचार एवं असहाय सेवा संस्थान की बैठक आचार्य बजरंग शास्त्री के सानिध्य में हुई। जिसकी अध्यक्षता संस्था के प्रधान महेंद्र नूनीवाला ने की। जिसमें फैसला लिया गया कि धर्म की रक्षा के लिए समय-समय पर धार्मिक आयोजन होते रहने चाहिए। संस्था के कथा संयोजक विजय जिंदल ने बताया कि सभी धर्म प्रेमी सज्जनों की ओर से कुटुंब पैलेस चौधरी हर प्रसाद चैरिटेबल ट्रस्ट मोहल्ला महता चौक में 14 मई से 20 मई तक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कथा व्यास आचार्य बजरंग शास्त्री महाराज भक्तों को कथा अमृत का रसपान करवाएंगे। जिसके लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। उपप्रधान सुरेश शर्मा ने बताया कि कथा का समय दोपहर दो बजे से सायं छह बजे तक का रहेगा।

### मनोविज्ञान में है रोजगार की अपार संभावनाएं

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 में उपलब्ध स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन की प्रक्रिया चल रही हैं। जिसके अंतर्गत विश्विद्यालय के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान पीठ के अंतर्गत आने वाले मनोविज्ञान विभाग में एमए मनोविज्ञान और दो व्यावसायिक रोजगारपरक डिप्लोमा (पीजीडीआरपी एवं एडीसीजीसी) में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत आवेदन की अंतिम तिथि 21 मई है। विभाग में उपलब्ध दोनों डिप्लोमा पाठ्यक्रम भारतीय पुनर्वास परिषद (आरसीआई नई दिल्ली) से स्वीकृत हैं। इच्छुक छात्र और छात्राएं विश्वविद्यालय द्वारा जारी लिंक का प्रयोग करके अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

## अंबेडकर युवा समिति का निःशुल्क शिक्षा देना सराहनीय कदमः चौधरी

# शिक्षा बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनाती हैः बिरदी चंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गांव बास किरारोद उमराबाद में डा. भीमराव अंबेडकर युवा समिति ने ग्रामीणों के सहयोग से शोषित व पिछड़े समाज के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने की पहल करके ग्रामीण क्षेत्र में एक मिशाल कायम की है। अंबेडकर भवन में आरंभ किए गए निःशुल्क बाल कोचिंग सेंटर का अपराध नियंत्रण एवं सुधार संगठन के टीम ऑफिसर व कबीर सामाजिक उत्थान संस्था दिल्ली के प्रमुख सलाहकार बिरदी चंद गोठवाल ने रिबन काटकर शुभारंभ किया व इस पुण्य कार्य में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। युवा समिति के प्रमुख सलाहकार गोठवाल ने बताया कि गांव में अनुसूचित जाति के अधिकतर परिवार शोषित व पिछड़ेपन के कारण वित्तीय संसाधनों के अभाव में अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा मुहैया करवाने में विवश हैं, जिससे उनके बच्चों का भविष्य अंधकारमय है। शिक्षा मानव समाज के विकास व प्रगति और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षा ही हमारे समाज में विवेक, ज्ञान, समझ व समर्पण की भावना को विकसित कर बच्चों का उज्ज्वल भविष्य बनाती है। युवा वर्ग के मार्गदर्शक प्रमुख समाजसेवी व भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व मैनेजर चौधरी फूलसिंह महायच ने बताया कि युवा समिति का शोषित व पिछड़े समाज के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देना एक सराहनीय कदम है। कोचिंग सेंटर में 34 बच्चों का दाखिला हो चुका है, जिनको मौके पर पाठ्य सामग्री वितरित की गई। शिक्षा मानव विकास की मूलभूत आवश्यकता है और शिक्षा सभी क्षेत्रों में समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। युवा समिति के प्रधान अनिल महायच, उपप्रधान यशपाल चौहान, महासचिव मैनपाल महायच व कोषाध्यक्ष संजय इंदौरा ने बताया कि शोषित व पिछड़े वर्ग के बच्चों को शिक्षा देने के लिए सिहार निवासी अध्यापिका पूजा यादव को पार्टटाइम नियुक्त किया गया है। युवा समिति प्रमुख समाजसेवी व भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व मैनेजर चौधरी फूलसिंह महायच, युवा समिति के प्रमुख सलाहकार बिरदी चंद गोठवाल व सरपंच सुनील सैनी के मार्गदर्शन तथा ग्रामीणों के सहयोग से जनकल्याणकारी कायार्ें व शिक्षा के क्षेत्र में शोषित और पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए अपनी अहम भूमिका निभाती रहेगी। समिति के प्रधान अनिल महायच व महासचिव मैनपाल ने इस पुण्य कार्य में सहयोग करने के लिए उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर संघर्ष समिति के सचिव सुमेर सिंह गोठवाल, ब्लॉक सचिव हजारीलाल खटावला, नरेंद्र उर्फ चंदू इंदौरा, प्रदीप महायच, संदीप बबेरवाल, डेलीगेट महेंद्र महायच, अरूण इंदौरा, प्रमुख समाजसेवी कृष्णा देवी, विमला, ज्योति पंच, ज्ञानादेवी, पूजा, संतोष, बिरमा देवी, ओमप्रकाश महायच, तोताराम इंदौरा, भगवान सिंह, सुरेश कुमार, बलबीर सिंह, प्रेमदास व अन्य मौजूद रहे।



नारनौल। कोचिंग सेंटर का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि गोठवाल। फोटो: हरिभूमि

**सूचना**

मै सावित्री देवी पत्नी सुरेंद्र सिंह वासी वार्ड नं. 6 नीरपुर, नारनौल जिला महेंद्रगढ बयान करती हूं कि मेरा दत्तक पुत्र हिमान्शु जो कि विवाहित है। वह मेरे कहने–सुनने से बाहर है और मेरे साथ लडाई–झगडा करता है। इसलिए मै उसको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**

मै बाबूलाल पुत्र जुगलाल कौम खाती वासी गांव महरमपुर तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ बयान करता हूं कि मेरे पुत्र सतीस चंद्र व उसकी पत्नी पुष्पा देवी व दीपक कुमार व उसकी पत्नी प्रिती देवी व पोता कुनाल, हिमान्शु पुत्रान सतीस चंद्र व हरसूल पुत्र दीपक कुमार मेरे कहने सुनने से बाहर है व मेरा कोई कहना नही मानते है वहीं मेरे साथ व बाकि परिवार के साथ लडाई झगडा करते है। इसलिए मै उनको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### 152-डी पर कट की मांग को लेकर धरना जारी

**कनीना।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152-डी पर बीच वाहनों के लिए कट छोड़ने की मांग को लेकर ग्रामीणों की ओर से शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को 425वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता रामभगत बागोत ने की। उन्होंने कहा कि इस समय शासन-प्रशासन का पूरा ध्यान लोकसभा चुनावों पर केंद्रित है। सरकार की लोकलुभावन कार्यप्रणाली की वजह से कट का कार्य अटका पड़ा है। संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने कहा कि सरकार धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों की मांग को जानबूझकर अनदेखा कर रही है।

### जोगी नाथ समाज उत्थान संगठन की बैठक कल

**नारनौल।** जोगी नाथ समाज उत्थान संगठन जिला कार्यकारिणी की बैठक 12 मई को सुबह 11 बजे गुरु गोरक्षनाथ मंदिर में होगी। यह जानकारी देते हुए मास्टर संजय योगी ने बताया कि बैठक का उद्देश्य संस्था में चल रही चुनाव प्रक्रिया को गति प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि आगामी 19 मई को होने वाले चुनाव के लिए अभी तक संस्था के पास प्रधान पद के लिए दो उम्मीदवार प्यारेलाल योगी व कप्तान गुलाब सिंह ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है।

### नावदी में रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव नावदी में बाबा दाता साहब शिक्षा एवं पर्यावरण समिति युवा साथी ग्रुप, हरियाणा उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ढ़ाणी बाठोठा के सौजन्य से पार्थ यादव नावदी के 11वें जन्मदिन पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अटेली सरपंच एसोसिएशन के पूर्व प्रधान कुलदीप यादव बौचड़िया होंगे। बाबा मुरलीदास धर्मशाला नावदी में 11 मई सुबह 10 बजे से दोपहर एक तक रेडक्रॉस सोसायटी की टीम द्वारा रक्त एकत्रित किया जाएगा।

### कनीना में कल लगने वाला जांच शिविर स्थगित

**कनीना।** सेवा भारती की ओर से कनीना मंडी स्थित लाला शिवलाल की धर्मशाला में रविवार को लगने वाला हृदय व नेत्र रोग जांच शिविर स्थगित कर दिया गया है। शिवकुमार अग्रवाल ने बताया कि प्रेमचंद गुप्ता के बेटे के निधन के चलते शिविर का आयोजन स्थगित किया गया है।

## नारनौल विस के सभी बूथ पर लाइन में लगे मतदाताओं की जानकारी ऑनलाइन दिखेगी

# बीएलओ के साथ इलेक्टर क्यू मैनेजमेंट एप का ट्रायल रन सफल अब तीन दिन बाद वेब कास्टिंग व पोल डैशबोर्ड का होगा ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल



नारनौल। क्यू मैनेजमेंट ऐप के ट्रायल रन के दौरान मौजूद बीएलओ। फोटो : हरिभूमि

- मतदान के दिन 25 मई को कोई भी नागरिक ये एप डाउनलोड करके लाइन में लगे मतदाताओं की संख्या की जानकारी हासिल कर सकेंगे

भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता के दिशानिर्देश पर शुक्रवार को सभागार में विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारियों के साथ इलेक्टर क्यू मैनेजमेंट एप का ट्रायल रन लिया गया। इस दौरान सरल केंद्र के प्रबंधक भूपेंद्र व चुनाव कार्यालय से राकेश कुमार ने प्रत्येक आधा घंटा में एप के माध्यम से बीएलओ से मतदाताओं की संख्या भरवाकर ट्रायल लिया। उन्होंने बताया कि लोकसभा आम चुनाव में मतदान के दिन नारनौल विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथ पर लाइन में लगे मतदाताओं की जानकारी ऑनलाइन मुहैया रहेगी। इससे लोगों को अधिक देर लाइन में खड़ा नहीं रहना पड़ेगा। वे इस एप के माध्यम से भीड़ की जानकारी जुटा सकेंगे। इसके लिए इलेक्टर क्यू मैनेजमेंट एप बनाया गया है। आज बीएलओ के मोबाइल नंबर अपडेट किए गए। यह कार्य सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक चला।

### मतदान केंद्रों पर वेब कास्टिंग का ट्रायल रन 14 को

भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में चुनाव आयोग के निर्देश अनुसार सभी मतदान केंद्रों पर वेब कास्टिंग की जाएगी। इस व्यवस्था से चुनाव आयोग सीधे सभी मतदान केंद्रों पर सीधे नजर रख सकेगा। इसके लिए आगामी 14 मई को सुबह 11 जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के कम से कम 10 मतदान केंद्रों पर ट्रायल रन लिया जाएगा। इस दौरान सभी एआरओ अपने कंट्रोल रूम में बैठकर

### पोल डैशबोर्ड का ट्रायल रन 14 व 15 को

उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि मतदान के दिन आम नागरिकों को पल-पल की जानकारी देने के लिए इस बार चुनाव आयोग के दिशा निर्देश अनुसार पोल डैशबोर्ड की व्यवस्था की गई है। सभी सेक्टर ऑफिसर मतदान के दिन पोल डैशबोर्ड के लिए आंकड़े फीड करेंगे। इससे नागरिकों को मतदान प्रतिशत की बारे में पल-पल की जानकारी रहेगी। उन्होंने बताया कि पोल डैशबोर्ड के लिए 14 व 15 मई को सुबह 10 बजे ट्रायल रन लिया जाएगा। इसके लिए सभी सेक्टर ऑफिसर्स को इस दौरान रिपोर्ट अपडेट करके देखनी है। उन्होंने बताया कि पारदर्शी व निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए चुनाव आयोग ने तकनीक का प्रयोग किया है।

### एचपीएस की छात्रा अंशु यादव का एनडीए में चयन

**नारनौल।** नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल की छात्रा अंशु यादव पुत्री धर्मेंद्र ने एनडीए परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय के साथ क्षेत्र व माता-पिता का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्राचार्य सुनील यादव ने बताया कि अंशु यादव प्रारंभ से ही विद्यालय की एक होनहार छात्रा रही है। जिसने अपने पहले दो प्रयासों में दोनों बार जेईई मेंस की परीक्षा क्वालीफाई कर इतिहास रचा है और अब एनडीए में भी चयनित होकर हम सभी का गौरव बढ़ाया है। छात्रा अंशु ने बताया कि बिना किसी अतिरिक्त कोचिंग अपने विद्यालय की पढ़ाई व सेल्फ स्टडी से पाई सफलता।



## नामांकन के दौरान सभी प्रत्याशियों को दिया गया है एक खर्च रजिस्टर

# सोमवार को सभी राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों को व्यय पर्यवेक्षकों के सामने रखना है अपने खर्च का ब्यौरा

- सामान्य पर्यवेक्षक आर गजलक्ष्मी ने ली राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों की बैठक
- संसदीय क्षेत्र की आरओ एवं डीसी मोनिका गुप्ता तथा व्यय पर्यवेक्षक उपींद्र बीर सिंह व प्रनेश गुप्ता भी रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल



नारनौल। राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों की बैठक लेती सामान्य पर्यवेक्षक आर गजलक्ष्मी, साथ डीसी मोनिका गुप्ता। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। फ्लैग मार्च निकालते अर्द्धसैनिक बल व पुलिस के जवान।

लोकसभा चुनावों में सभी राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों को चुनाव से जुड़े सभी तरह के खर्च को साक्ष्यों के साथ अपने रिकॉर्ड में रखना है। इसके लिए नामांकन के दौरान सभी प्रत्याशियों को एक खर्च रजिस्टर दिया गया है। निर्धारित खर्च सीमा का उल्लंघन करने पर चुनाव आयोग के निर्देशानुसार कार्रवाई की जाएगी। यह बात भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक आर गजलक्ष्मी ने विभिन्न राजनीतिक दलों तथा एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग टीमों की संयुक्त बैठक में कही। इस दौरान भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता व व्यय पर्यवेक्षक उपींद्र बीर सिंह तथा प्रनेश गुप्ता भी मौजूद थे।

इस अवसर पर सामान्य पर्यवेक्षक ने कहा कि सभी प्रत्याशियों को अपना खर्च रजिस्टर तीन बार व्यय पर्यवेक्षक के सामने रखना जरूरी है। आगामी 13 मई को लघु सचिवालय के मीटिंग हाल में सभी राजनीतिक दल व प्रत्याशी अपने खर्च का ब्यौरा भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से नियुक्त व्यय पर्यवेक्षकों के सामने रखेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देश अनुसार नामांकन के दौरान जिस बैंक खाते की डिटेल उम्मीदवार ने दी थी, उसी बैंक खाते से चुनाव का सारा लेनदेन करना है। उन्होंने कहा कि चुनाव खर्च पर नजर रखने के लिए एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग टीमों का गठन किया गया है। चुनाव आयोग सभी पार्टियों व प्रत्याशियों को एक समान मौका देता है।

### यह है चुनावी मैदान में 17 प्रत्याशी

| प्रत्याशी | पार्टी/निर्दलीय |
|---|---|
| राव दानसिंह | कांग्रेस |
| धर्मबीर सिंह | भाजपा |
| बहादुरसिंह | जजपा |
| सुनील कुमार शर्मा | बसपा |
| आनन्द कुमार | भारतीय जवान किसान पार्टी |
| बलवान | पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया |
| भारत भूषण | भारतीय शक्ति चेतना पार्टी |
| रोहताश | सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया |
| सुभाष | राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी |
| जगदीश | निर्दलीय |
| जय सिंह | निर्दलीय |
| महावीरसिंह यादव | निर्दलीय |
| योगबीर सिंह | निर्दलीय |
| वर्षा | निर्दलीय |
| वेदप्रकाश | निर्दलीय |
| सीमा | निर्दलीय |
| हेमंत | निर्दलीय |

### लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट, अर्द्धसैनिक बल व पुलिस जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च

नारनौल। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड़ पर है। पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के दिशा निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव के मध्यनजर शहर एरिया में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीम व पैरामिलिट्री के जवानों ने आम नागरिकों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। बता दें कि 25 मई को लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष करवाने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ मिलकर शहर क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान थाना शहर प्रबंधक निरीक्षक प्रवीण ने कहा कि मतदाता पूरी निड़रता के साथ अपने विवेक व स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करें। चाहे शहर हो या फिर देहात मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे। जिला पुलिस के खुफिया विभाग की ओर से संदिग्ध किस्म के लोगों तथा सोशल मीडिया पर पूरी निगरानी रखी जा रही है। एसएचओ के नेतृत्व में यह फ्लैग मार्च शहर के विभिन्न गलियों व मागार्ें से होकर गुजरा। फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना पैदा करना है, ताकि वे निर्भय होकर अपना मतदान कर सकें। फ्लैग मार्च दौरान पुलिस ने लोगों को बिना किसी डर भय के चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। फ्लैग मार्च के दौरान आमजन से कहा है कि मतदान के दौरान अगर कोई व्यक्ति उन्हें प्रभावित करें तो तुरंत उसकी सूचना पुलिस को दें, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकें। थाना प्रभारी ने लोगों से कहा है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव में भाग लें।



## भाजपा का 400 पार का नारा जुमला साबित होगा: राव दान सिंह

- केजरीवाल की जमानत पर राव दानसिंह ने जताई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़

हरियाणा सैनिकों और किसानों की भूमि हैं। दक्षिण हरियाणा के प्रत्येक परिवार से एक व्यक्ति सेना में भर्ती होकर देशसेवा कर रहा हैं। लेकिन अग्निवीर योजना शुरू होने के बाद युवाओं के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया हैं। कांग्रेस की सरकार बनने पर सबसे पहले अग्निवीर योजना को बंद किया जाएगा तथा युवाओं स्थाई रोजगार दिया जाएगा। उक्त विचार इंडिया गठबंधन के महेंद्रगढ़ लोकसभा प्रत्याशी राव दानसिंह ने नारनौल विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने गांव डेरोली अहीर, सिहमा, पटीकरा, नारनौल शहर के मोहल्ला जमालपुर, मोहल्ला मिश्रवाड़ा, केशवनगर, सलामपुरा, पुरानी सब्जीमंडी, अनाजमंडी, आजाद चौक नारनौल में जनसभा का आयोजन किया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राव दानसिंह का जोरदार स्वागत किया। वहीं नंबरदार एसोसिएशन महेंद्रगढ़ ने राव दानसिंह को अपना समर्थन दिया तथा चुनाव में हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

राव दानसिंह ने सुप्रीम कोर्ट से मिली दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा 400 पार नारा जुमला साबित होगा। पिछले विधानसभा में भाजपा ने हरियाणा में 75 पार का नारा दिया था। लेकिन भाजपा सरकार को केवल 40 सीट मिली थी। भाजपा सरकार के कहना है कि इस बार चुनाव जीतने पर संविधान बदलाव करेंगे। लेकिन लोगों ने सरकार ही बदलने का मन बना लिया हैं। उन्होंनें कहा कि आज महंगाई, बेरोजगारी व कानून व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि व श्रम क्षेत्र एवं युवाओं व मजदूरों का बुरा हाल है। हर वर्ग सरकार से दुखी है। बीजेपी द्वारा किए गए वायदे प्रति वर्ष दो करोड़ रोजगार देने,15 लाख खाते में डालने, किसानों की आय दुगनी करने, काला धन वापस लाने एवं अन्य लोक लुभावने वायदे झूठे साबित हो रहे हैं। उन्होंनें मतदाताओं से अपील की कि वे हरियाणा में 25 मई को लोकसभा चुनाव मतदान में अपने वोट का सही इस्तेमाल करें। तभी हरियाणा का विकास संभव हो सकेगा।

# व्याख्यान में छात्रों ने लिया भाग

- हकेंवि में विशेषज्ञ व्याख्यान का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। एक्सपर्ट टॉक में प्रतिभागियों को संबोधित करते विशेषज्ञ डॉ. विपन कुमार परिहार। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के फार्मास्युटिकल विज्ञान विभाग द्वारा मस्तिष्क स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाले औषधीय और आहार संबंधी विकास विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। आयोजन में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च हाजीपुर में सह आचार्य व अधिष्ठाता डॉ. विपन कुमार परिहार विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहें। न्यूरोफार्माकोलॉजी में अपने अभूतपूर्व शोध के लिए विख्यात डॉ. परिहार ने आयोजन में विस्तार से आहार संबंधी हस्तक्षेप और मस्तिष्क स्वास्थ्य के बीच जटिल संबंध पर प्रकाश डाला। डॉ. परिहार कुमार ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों को नई फामार्कोथेरेप्यूटिक रणनीतियों, जिसका उद्देश्य संज्ञानात्मक कार्य में शामिल आणविक मार्गों को लक्षित करना है और जो दवा की खोज और विकास के लिए रास्ते में अंतदृष्टि प्रदान करती है, पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों का ध्यान फार्मास्युटिकल साइंसेज के क्षेत्र में उद्योग अकादमिक सहयोग के प्रमुख महत्व की ओर भी आकर्षित किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संदेश के माध्यम से न्यूरोफामार्कोलॉजी के क्षेत्र में अपना करियर तलाशने के लिए विशेष रूप से एम.फार्मा के छात्रों के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करने पर फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग द्वारा सराहना की। विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार ने डॉ. विपन कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया।

### बाबा शांतिनाथ आश्रम के मुख्य द्वार का उद्घाटन किया

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव मोहलड़ा में बाबा शांतिनाथ आश्रम के ईशान कोण रास्ते के मुख्य द्वार को उद्घाटन कर लोकार्पित किया गया। मोहलड़ा के राव सहीराम द्वारा लगभग सात लाख रुपयों की लागत से बने द्वार का आश्रम के महंत श्री मोहन गिरी ने रिबन काटकर उद्घाटन किया। सिद्ध संत बाबा शांतिनाथ के प्रति गांव मोहलड़ा व आसपास के गांवों में गहरी आस्था है। अटेली-कनीना मुख्य सड़क पर बने आश्रम का एक द्वार पश्चिम की ओर मुख्य सड़क पर बना है, जबकि गांव की तरफ से आने वाले आश्रम के ईशान कोण के रास्ते पर राव सहीराम ने यह द्वार बनवाकर आश्रम को समर्पित किया है। उद्घाटन से विष्णु दत्त शर्मा ने हवन पूजन कर द्वार पर राम लक्ष्मण सीता हनुमान व गणेश की मूर्तियां भी स्थापित की। इस अवसर पर पूर्व सरपंच राधेश्याम गोमला आदि मौजूद रहे।

# मोदी के नेतृत्व में देश की विश्व पटल पर बनी पहचान:धर्मबीर

- शहर में समर्थकों ने निकाला रोड शौ, 72 जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन कर व्यापारियों ने धर्मबीर को पलकों पर बैठाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



भिवानी। शहर में रोड शौ के दौरान भाजपा उम्मीदवार को सम्मानित करते हुए।

शुक्रवार को भाजपा समर्थकों ने भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोस प्रत्याशी एवं निर्वतमान सांसद धर्मबीर सिंह के समर्थन में रोड शो निकाला। शहर के लोगों व व्यापारी तबके ने निवर्तमान सांसद धर्मबीर सिंह का 72 जगह स्वागत किया। भाजपा उम्मीदवार धर्मबीर सिंह ने रोड शो में शामिल होकर पैदल मार्च कर कार्यकर्ताओं में जोश भरा। इस दौरान निवर्तमान सांसद धर्मबीर सिंह ने हांसी गेट स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पर्पित किए, शहीद मदनलाल ढिंगड़ा, पंडित नेकीराम शर्मा, चौ. बंसीलाल, भगवान परशुराम की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित किए। साथ ही उन्होंने उक्त महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा व शिक्षा लेकर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर धर्मबीर सिंह ने कहा कि सही मायने में आज से चुनाव प्रचार शुरू किया है। महापुरुषों की बदौलत आज देश की संस्कृति जिंदा है। रोड शो में पूर्व विधायक शशि रंजन परमार, जिला महामंत्री शिवकुमार पराशर व हर्षवर्धन मान, संदीप श्योराण, ठा. विक्रम सिंह भी उपस्थित रहे।

**72 स्थानों पर स्वागत :** पैदल मार्च के दौरान भाजपा प्रत्याशी निवर्तमान सांसद धर्मबीर सिहं का भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ व शहर के व्यापारियों द्वारा 72 स्थानों पर फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नवीन कुमार गुप्ता ने बताया कि इस दौरान धर्मबीर सिंह को 21 जगहों पर लड्डों से तोला व पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रामदेव तायल, संदीप भूत, अमित महता, राजेश चांगिया, गोपाल कुमाहरीवाला, जयभगवान पिंटु,कपिल शर्मा, बृजलाल सर्राफ, पवन केडिया, पवन सुगला,बिजू हलवाई, जोगीराम सावडिय़ा, मनीष अग्रवाल, ललित गोयल, अंशुल लोहिया, रिषभ सिंगल, पवन रानी सतीया, सुनील सर्राफ, मनोज सोनी, प्रवीन, नारंग, अजय बनारसीदास गुप्ता, आनंद बासिया, रितेश मित्तल, सोरभ , ललित मित्तल मोदी, रवि भगनका, कमलेश चौधरी, देवराज बासिया, बालकिशन, प्रमोद पुनीवाला, रमेश सोनी, गोपाल बुद्धिया, मोहन भृघ, सुभाष जिंदल, हरिश ठुकराल, हेमंत चमडिय़ा, अनिल सोनी, विनोद छपारिया, दीपक वैद्य, विजय लालावासिया, गणेश बेरलिया, नीत कानोडिया, पिंटु चपमडिय़ा, विष्णु घीवाला, पवन घी वाला, प्रकाश मोडा, मामनचंद अग्रवाल, राजीव बिंदल आदि मौजूद रहे।

### मकान से हजारों रुपये की सरसों चोरी

**बावल।** रायपुर में चोर वीरवार की रात एक मकान से हजारों रुपये की सरसों चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में अशोक कुमार ने बताया कि उसने घर के बरामदे में 37 कट्टे सरसों रखी हुई थी। रात को चोर ग्रिल फांदकर 22 कट्टे सरसों चोरी कर ले गए। सुबह जब वह उठा तो सरसों गायब मिली। चोरी की गई सरसों की कीमत करीब 60 हजार रुपये है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

चुनाव | सामान्य पर्यवेक्षक आर गजलक्ष्मी व डीसी मोनिका गुप्ता की मौजूदगी में हुआ रेंडमाइजेशन

# 764 पोलिंग पार्टियों के लिए रेंडमाइजेशन के जरिए ड्यूटी तय

- चुनाव कर्मियों के लिए विधानसभा क्षेत्र हुए तय
- चार पिंक मतदान केंद्रों के लिए अलग से लगाई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल



नारनौल। रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के दौरान मौजूद सामान्य पर्यवेक्षक आर, गजलक्ष्मी, साथ डीसी मोनिका गुप्ता।

चुनाव आयोग के निर्देशानुसार शुक्रवार को भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक आर गजलक्ष्मी की मौजूदगी व भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता की अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव के लिए मतदान कर्मियों की ड्यूटी तय करने के लिए दूसरी रेंडमाइजेशन प्रक्रिया पूरी की गई। इस प्रक्रिया से ईडीएमएस एप्लिकेशन के माध्यम से मतदान कर्मियों की ड्यूटी के लिए विधानसभा क्षेत्र का निर्धारण किया गया। उपायुक्त ने बताया कि इसके अलावा 15 फीसदी पोलिंग पार्टियों को रिजर्व में भी रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पोलिंग पार्टी में एक पीठासीन अधिकारी, एक सहायक पीठासीन अधिकारी तथा दो पोलिंग ऑफिसर को लगाया गया है। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा, एसडीएम महेंद्रगढ़ संजीव कुमार, एसडीएम कनीना सुरेंद्र सिंह, एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### यह बोले अधिकारी

*उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि किसी भी प्रकार का मानवीय दखल नहीं होता। दूसरी रेंडमाइजेशन प्रक्रिया से मतदान कर्मियों को विधानसभा क्षेत्र का पता चलता है। इसी हिसाब से अब ड्यूटी आर्डर जारी किए जाएंगे। अब मतदान के लिए रवानगी से पहले उन्हें उनके बूथ की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में कुल 768 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से आज 764 पोलिंग पार्टियों के लिए रेंडमाइजेशन के जरिए ड्यूटी तय की गई है। चारों विधानसभा क्षेत्र में बनाए जाने वाले एक-एक पिंक मतदान केंद्रों के लिए महिलाओं कर्मियों की अलग से ड्यूटी लगाई गई है। नारनौल विधानसभा क्षेत्र में 152, महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 219, अटेली विधानसभा क्षेत्र में 214 व नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र में 179 पोलिंग पार्टियों को लगाया गया है।*